बाढ़ पीड़ित किसानों के लिए नरेडको ने दिए 3.12 करोड़

■ **मुंबई, (सं.)** राज्य के बाढ़ पीड़ित किसानों की मदद के लिए नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नरेडको) महाराष्ट्र ने आगे आते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में 3.12 करोड़ का योगदान दिया है. यह राशि राज्य भर में बाढ़ से प्रभावित किसानों की राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए दी गई है. नरेडको के नेशनल चेयरमैन डॉ. निरंजन हीरानंदानी, उपाध्यक्ष राजन बांदेलकर,महाराष्ट्र के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, मंजू यागनिक,कमलेश ठाकुर, गोपाल नारंग,सचिन गुंजाल, आशीष रहेजा,हितेश भगतानी,अस्पन कूपर,नवीन माखीजा एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राहत चेक राशि सौंपी गई. हाल ही में हुई भीषण बारिश और अचानक आई बाढ़ ने कोल्हापुर, सांगली, सातारा, नासिक, रायगढ़ और रत्नागिरी जैसे प्रमुख कृषि जिलों में भारी तबाही हुई. हजारों हेक्टेयर खेत बर्बाद हो गए, घर जलमग्न हो गए और अनेक परिवारों की आजीविका पर संकट आ गया. इस आपदा में मदद के लिए नरेडको महाराष्ट्र भी पीछे नहीं रहा. 1 करोड़ पुणे के सदस्यों द्वारा दिया गया, जबकि शेष राशि मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के नरेडको महाराष्ट्र सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से प्रदान किया गया. लगभग 20 सदस्यों के सामूहिक प्रयास से दी गई.